भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.08.2025

आरेडिका के चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह–2025 का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली के चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 का आयोजन दिनांक 01.08.2025 से 07.08.2025 तक प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिसके तहत स्वस्थ शिशु प्रदर्शनी एवं स्तनपान पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य माता–पिता को शिशु के समुचित पोषण, नियमित टीकाकरण, स्तनपान, स्वच्छता और समय पर स्वास्थ्य जांच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जागरूक बनाना है।

डॉ. मनीष कुमार, मंडल चिकित्सा अधिकारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा ब्रेस्ट फीडिंग पर एवं डॉ. भूमिका सिंह, आहार विशेषज्ञ द्वारा जीवन के पहले 1000 दिनों मे पोषण की आवश्यकता (गर्भावस्था से लेकर शिशु के 2 वर्ष तक) पीपीटी के माध्यम से एक विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया । जिसमें उन्होनें बताया कि स्तनपान शिशु के लिए पहला और सर्वोत्तम आहार है। माँ का दूध शिशु को आवश्यक पोषण, रोगों से लड़ने की शक्ति एवं शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास की नींव रखता है ।

आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन से शिशुओं के स्वास्थ्य एवं स्तनपान के प्रति महिलाओं में जागरूकता बढ़ेगी जो भविष्य में बच्चों तथा स्वंय के स्वास्थ्य प्रति सर्तक रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, आरेडिका परिवार की महिलाएं एवं आरेडिका चिकित्सालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

05/8/2025

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी